भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. +3225
सोमवार, 9 अगस्त, 2021/18 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए दिशानिर्देश**

**+3225. श्री रवनीत सिंह:**
**डॉ. टी.आर. पारिवेन्धर:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कोविड-19 के कारण लगाई गई रोक में छूट देने के बाद विभिन्न पर्यटन स्थलों विशेषकर देश के पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा करने वाले लोगों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और आईसीएमआर ने इस पर चिंता व्यक्त की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इन पर्यटकों द्वारा कोविड-रोधी व्यवहार नहीं किए जाने से गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है जिससे कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि हो सकती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार अपने दिशानिर्देशों में पर्यटक स्थलों पर जाने वाले लोगों की यात्रा पर कुछ रोक लगाने और देश के विभिन्न पर्यटक स्थलों की यात्रा कर रहे इन लोगों द्वारा कोविड-रोधी व्यवहार किया जाना सुनिश्चित करने हेतु कुछ अन्य उपाय किए जा रहे हैं; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा देश के पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा करने वाले ऐसे पर्यटकों, जो वहां कोविड नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं तथा वहां भीड़-भाड़ कर रहे हैं, के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): पर्यटक स्थल वार पर्यटकों के आगमन का आंकड़ा पर्यटन मंत्रालय द्वारा नहीं रखा जाता। तथापि, पिछले 3 वर्षों के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र वार घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का विवरण अनुबंध में है।

(ग) से (ड.): पर्यटन का विकास एवं संवर्द्धन प्रमुख रूप से राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, कोविड-19 के पश्चात् बहाली के लक्ष्य से पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन क्षेत्र में पर्यटन सेवा प्रदाताओं के विभिन्न खंडों के लिए परिचालन सिफारिशें तैयार की है जिससे निर्वाध एवं सुरक्षित तरीके से व्यापार की बहाली सुगम हो सके। इस प्रकार की सिफारिशें यात्रा एजेंट, टूर ऑपरेटरों, पर्यटक परिवहन ऑपरेटर,पर्यटक गाइड और सुविधाप्रदाताओं के लिए जारी की गई हैं। इन्हे राज्य सरकारों तथा पर्यटन/ आतिथ्य हितधारकों के परामर्श से और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समय समय पर जारी की गई सम्पूर्ण दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

*****

**अनुबंध**

पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए दिशानिर्देश के संबंध में दिनांक 09.08.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +3225 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2018, 2019 और 2020 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र वार घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राएं (एफटीवी)**

| | | **2018** | | **2019** | | **2020** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **डीटीवी** | **एफटीवी** | **डीटीवी** | **एफटीवी** | **डीटीवी** | **एफटीवी** |
| **1** | अंडमान और | 498279 | 15242 | 505398 | 16206 | 191207 | 5412 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | निकोबार द्वीप | | | | | | |
| **2** | आंध्र प्रदेश | 194767874 | 281083 | 237051508 | 280356 | 70828590 | 67591 |
| **3** | अरुणाचल प्रदेश | 512436 | 7653 | 555639 | 7825 | 42871 | 961 |
| **4** | असम | 4710617 | 15592 | 5447805 | 26878 | 1266898 | 7285 |
| **5** | बिहार | 33621613 | 1087971 | 33990038 | 1093141 | 5638024 | 308080 |
| **6** | चंडीगढ़ | 1538796 | 39681 | 1563795 | 44132 | 417953 | 12218 |
| **7** | छत्तीसगढ़ | 19329501 | 14399 | 17304506 | 6817 | 2810227 | 2322 |
| **8** | दादरा और नागर हवेली | 609435 | 1608 | 618330 | 1666 | 104959 | 222 |
| **9** | दमन और दीव | 898824 | 5694 | 897804 | 5703 | 297436 | 1382 |
| **10** | दिल्ली # | 29114423 | 2740502 | 36467598 | 2983436 | 9583671 | 681230 |
| **11** | गोवा | 7081559 | 933841 | 7127287 | 937113 | 3258715 | 302751 |
| **12** | गुजरात | 54369873 | 513113 | 58864661 | 595607 | 19464517 | 210047 |
| **13** | हरियाणा | 4888952 | 73977 | 4549017 | 48046 | 2114731 | 17474 |
| **14** | हिमाचल प्रदेश | 16093935 | 356568 | 16829231 | 382876 | 3170714 | 42665 |
| **15** | झारखण्ड | 35408822 | 175801 | 35580768 | 176043 | 2574704 | 490 |
| **16** | जम्मू और कश्मीर | 17076315 | 139520 | 16163330 | 57920 | 2519524 | 5317 |
| **17** | कर्नाटक | 214306456 | 543716 | 227934714 | 608754 | 77453339 | 165325 |
| **18** | केरल | 15604661 | 1096407 | 18384233 | 1189771 | 4988972 | 340755 |
| **19** | लक्षद्वीप | 10435 | 1313 | 6985 | 820 | 3462 | 413 |
| **20** | लदाख | - | - | 241285 | 38652 | 6743 | 1126 |
| **21** | मध्य प्रदेश | 83969799 | 375476 | 88707139 | 327958 | 23519632 | 99819 |
| **22** | महाराष्ट्र # | 119191539 | 5078514 | 149294703 | 5528704 | 39234591 | 1262409 |
| **23** | मणिपुर | 176109 | 6391 | 167560 | 13608 | 49669 | 3139 |
| **24** | मेघालय | 1198340 | 18114 | 1245633 | 25813 | 24734 | 2311 |
| **25** | मिजोरम | 76551 | 967 | 163762 | 2249 | 30890 | 265 |
| **26** | नागालैंड | 101588 | 5010 | 125949 | 5577 | 10979 | 518 |
| **27** | ओडिशा | 15208540 | 110818 | 15307637 | 115128 | 4622273 | 10206 |
| **28** | पुडुचेरी | 1616660 | 141133 | 1713248 | 149919 | 1114942 | 92080 |
| **29** | पंजाब | 44595061 | 1200969 | 47385387 | 1101343 | 16692197 | 359114 |
| **30** | राजस्थान | 50235643 | 1754348 | 52220431 | 1605560 | 15117239 | 446457 |
| **31** | सिक्किम | 1426127 | 71172 | 1421823 | 133388 | 316408 | 19935 |
| **32** | तमिलनाडु | 385909376 | 6074345 | 494865257 | 6866327 | 140651241 | 1228323 |
| **33** | तेलंगाना | 92878329 | 318154 | 83035894 | 323326 | 39997001 | 46694 |
| **34** | त्रिपुरा | 414388 | 102861 | 437201 | 154405 | 127815 | 31877 |
| **35** | उत्तर प्रदेश | 285079848 | 3780752 | 535855162 | 4745181 | 86122293 | 890932 |
| **36** | उत्तराखंड | 35609650 | 151320 | 37585920 | 152273 | 7005264 | 41339 |
| **37** | पश्चिम बंगाल | 85657365 | 1617105 | 92366025 | 1656145 | 28841732 | 463285 |
| | **कुल योग** | **1853787719** | **28851130** | **2321982663** | **31408666** | **610216157** | **7171769** |

**स्रोत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पर्यटन विभाग**

\# **2018 पर 2019/18 के लिए अखिल भारतीय वृद्धि दर को लागू करके 2019 के लिए आंकड़े का अनुमान लगाया जाता है और 2019 के आंकड़े पर 2020/19 के लिए अखिल भारतीय वृद्धि दर को लागू करके 2020 के आंकड़े का अनुमान लगाया जाता है।**

******